राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा

(पूर्ववर्ती डा० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज आफ इन्फारमे□न एण्ड टेक्नोलॉजी, बांद

Rajkiya Engineering College Banda

Atarra, Banda – 210201

E-Mail:director@recbanda.ac.in URL: www.recbanda.ac.in

Tel: +91 5191 254301 Mob:+91-8765089509

संख्याः–आर०ई०सी०/अधि०शै०का०सू०/2026–376 दिनांकः18 नवम्बर, 2026

–:सूचना:–

समस्त नवप्रवेशित प्रथम तथा द्वितीय वर्ष लेटरल इंट्री (शैक्षणिक सत्र 2026–27) के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या ए०के०टी०यू०/नामांकन–35/2026/14482 दिनांकित 17 नवम्बर, 2026 के क्रम में संस्थान के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन कम परीक्षा फार्म **समर्थ पोर्टल के माध्यम से दिनांक–20 नवम्बर, 2026 से 26 नवम्बर, 2026 तक कम्प्यूटर सेंटर (CC)** कक्ष संख्या SF-46 में भरवाया जाना है।

अतः समस्त विद्यार्थी अपने समस्त दस्तावेजों की मूल तथा सॉफ्ट कॉपी के साथ (विश्वविद्यालय द्वारा **निर्धारित परीक्षा शुल्क 7500/–** ऑनलाइन माध्यम से) ससमय कम्प्यूटर सेंटर में पहुंच कर अपना नामांकन तथा परीक्षा फार्म भरते हुए इन्रोलमेंट फार्म का प्रिंट अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 30 नवम्बर, 2026 तक अवश्य जमा करें।

उपरोक्त प्रक्रिया में आप अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो लें कि आपके द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षिक अहर्ता जो उत्तर प्रदेश शासन एवं प्राविधिक शिक्षा के नियामक संगठन (ए०आई०सी०टी०ई०) द्वारा निर्धारित है, उसी को अपलोड किया जा रहा है। शैक्षिक अहर्ता में विसंगतियों या अनिवार्य शैक्षिक प्रवेश योग्यता न धारण करने या किसी अभिलेख की कूट रचना की स्थिति में नामांकन स्वतः निरस्त हो जायेगा। यदि सत्यापन की प्रक्रिया में ऐसा पाया जाता है कि आपके द्वारा योग्यता की विसंगतियों या कूट रचना में कोई सहयोग या समर्थन रहा है तो विद्यार्थी के विरूद्ध कार्यवाही की बाध्यता होगी जिसके लिए विद्यार्थी स्वंम जिम्मेदार होंगे।

भवदीय

अधिष्ठाता शैक्षणिक

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. विभागाध्यक्ष प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग को आवश्यक विषय सूची एवं टाइम टेबल उपलब्ध कराने हेतु।
5. विभागाध्यक्ष सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को उक्त दिनांकों में कम्प्यूटर सेंटर (CC) कक्ष संख्या SF-46 उपलब्ध कराने हेतु।
6. प्रभारी ई०आर०पी० को सूचनार्थ।
7. प्रभारी वेबसाइट को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
8. समस्त सूचना पटट्।
9. संबंधित पत्रावली।

18/11/2026

अधिष्ठाता शैक्षणिक